केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान
अविकानगर त0 मालपुरा जि0 टोंक (राज0)

क्रमांकः 4(2)सीएस/2014/ दिनांकः 04.04.2014

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि संस्थान द्वारा एक डीजल जीप एवं दो अम्बेसडर कार पेट्रोल (अनुपयोगी) की नीलामी **दिनांक 06.05.2014** को संस्थान में स्थित केन्द्रीय भण्डार पर खुली बोली द्वारा की जावेगी। इच्छुक व्यक्ति/फर्म बोली लगाने से पहले संस्थान के पास अपना फोटो युक्त पहचान पत्र एवं बतौर अमानत राशि के रूप में रूपये 20,000/– (अक्षरे बीस हजार मात्र) नकद जमा करा के नीलामी में भाग ले सकेगें। बिना अमानत राशि जमा कराये बोली में भाग नहीं ले सकेंगे। जिस व्यक्ति/फर्म की बोली अधिक होगी उस व्यक्ति/फर्म के नाम से बोली छोडी जायेगी। बोली छूटने के बाद यदि बोलीदाता को किसी प्रकार की आपत्ति होती है तो उस पर संस्थान द्वारा कोई विचार नहीं किया जावेगा। जिस व्यक्ति/फर्म के नाम बोली छुटेगी, उस व्यक्ति/फर्म को कुल बोली की राशि की 25 प्रतिशत राशि तुरन्त संस्थान को नकद जमा करानी होगी तथा शेष राशि 07 दिनों के अन्दर–अन्दर जमा कराकर उक्त वाहन को संस्थान से उठाकर ले जाना होगा। ऐसा न करने पर अमानत राशि/25 प्रतिशत राशि जब्त करली जायेगी। जिसकी जिम्मेवारी स्वयं बोली दाता की होगी। बोली की अन्य नियम/शर्ते बोली लगाने से पूर्व सूचित कर दी जावेगी। अगर उपरोक्त पर बिक्रीकर/वेट/सरचार्ज इत्यादि लगता है तो वह बोलीदाता को अलग से नियमानुसार वहन करना होगा। नीलामी सूचना इस संस्थान की वेबसाइट **www.cswri.res.in** पर भी देखी जा सकती है।

संस्थान को बिना कोई कारण बताये किसी भी बोली को स्वीकृत अथवा रद्द करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।

निदेशक